पर्चा डिक्री

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक कलक्टर टिब्बी, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी :—श्री सत्यनारायण आर.ए.एस.

मि0न0 – 67/2025

विकास पुत्र ओमप्रकाश जाति विश्नोई निवासी शेरेका तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम्

रोशनी देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति विश्नोई निवासी शेरेका तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीया

डिक्री दिनांक 27/3/25

आज यह वाद मुझ सत्यनारायण उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष वकील वादी श्री रामस्वरूप भादू व प्रतिवादी वकील रूपराम कासनिया अंतिम निपटारे/निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादी की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि चकनं0 18 जीजीआर के खाता सं0 198/104 में अंकित कुल 1.012 है0 कृषि भूमि में से प्रतिवादीया रोशनी देवी के 1/3 हिस्सा की आराजी का वादी खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है व इसी अनुसार रिकार्ड में वादी के नाम से अंकन कर चक नं0 18 जीजीआर के खाता सं0 198/104 में से प्रतिवादीया रोशनी देवी का नाम कलमजन किया जावे। तहसीलदार राजस्व टिब्बी को निर्देशित किया जाता है कि यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन नही हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 27/3/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
टिब्बी।

उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर
टिब्बी

Scanned with CamScanner